Roll No. ....

DD–2327

M. A. (Final) EXAMINATION, 2020

HINDI

Paper Seventh

(भाषा विज्ञान एवं हिन्दी भाषा)

Time : Three Hours

Maximum Marks : 100

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. भाषा से आप क्या समझते हैं ? इसकी प्रकृति का उल्लेख कीजिए। 15

अथवा

भाषा परिवर्तन के प्रमुख कारणों का उल्लेख कीजिए।

2. स्वन क्या है ? स्वन-परिवर्तन के कारणों पर प्रकाश डालिए। 15

अथवा

ध्वनि परिवर्तन के कारणों का उल्लेख कीजिए।

3. रूपिम क्या है ? इसकी अवधारणा पर प्रकाश डालिए। 15

अथवा

वाक्य क्या है ? बनावट **अथवा** रचना के आधार पर इसके भेद को समझाइए।

4. हिन्दी के भौगोलिक विस्तार पर प्रकाश डालिए। 15

अथवा

हिन्दी की संवैधानिक स्थिति पर प्रकाश डालिए।

5. निम्नलिखित से किन्हीं **चार** पर टिप्पणियाँ लिखिए : प्रत्येक 5

(क) रूप विज्ञान

(ख) भाषा विज्ञान के क्षेत्र

(ग) अर्थ की दृष्टि से वाक्य

(घ) देवनागरी की वैज्ञानिकता

(ङ) हिन्दी वर्तनी की समस्याएँ

(च) वर्तनी शोधन

6. निम्नलिखित से किन्हीं **बीस** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 20

(i) भाषा विज्ञान को अंग्रेजी में क्या कहा जाता है ?

(ii) 'हिन्दी भाषा का उद्‌भव और विकास' पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

(iii) दुनिया का प्रथम भाषा वैज्ञानिक किसे माना जाता है ?

(iv) 'मार्तण्ड' किसका पर्यायवाची शब्द है ?

(v) संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त शब्द को क्या कहा जाता है ?

(vi) ब्रजभाषा किस क्षेत्र में बोली जाती है ?

(vii) हिन्दी दिवस कब मनाया जाता है ?

(viii) संज्ञा की विशेषता बताने वाला शब्द क्या कहलाता है ?

(ix) अवध क्षेत्र में कौन-सी भाषा बोली जाती है ?

(x) 'अन' उपसर्ग के योग से एक शब्द बनाइये।

(xi) प वर्ग का अंतिम वर्ण लिखिए।

(xii) 'ध' वर्ण का उच्चारण स्थल बताइए।

(xiii) भारत में सबसे प्राचीन लिपि किसे माना गया है ?

(xiv) हरदेव बाहरी भाषा वैज्ञानिक हैं **या** आलोचक ?

http://www.hyvonline.com

(xv) तृतीय विभक्ति में किस कारक का प्रयोग होता है ?

(xvi) किस वर्ग के व्यंजन कण्ठ से उच्चरित होते हैं ?

(xvii) अवधी भाषा के किसी महाकाव्य का नाम लिखिए।

(xviii) 'अलमारी' किस भाषा का शब्द है ?

(xix) शब्द-संग्रह विज्ञान को क्या कहा जाता है ?

(xx) 'पन' प्रत्यय की सहायता से एक शब्द बनाइए।

(xxi) किसी अंतःस्थ व्यंजन को लिखिए।

(xxii) 'अष्टाध्यायी सूत्र' किसके द्वारा लिखित है ?

(xxiii) WWW का पूर्ण रूप लिखिए।

(xxiv) मराठी भाषा किस लिपि में लिखी जाती है ?

(xxv) कोई **एक** अनुनासिक व्यंजन लिखिए।

http://www.hyvonline.com